भारत सरकार लोक सभा
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय अतारांकित प्रश्न सं. 671
वाणिज्य विभाग

दिनांक 03 फरवरी, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

चाय उत्पादन

671. श्री रंजीत दत्ता:

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 2023–24 एवं 2024-25 के दौरान भारत में, विशेषकर असम में, राज्य-वार कुल चाय उत्पादन कितना रहा है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान केन्या, नेपाल तथा वियतनाम से भारत द्वारा आयात की गई चाय की मात्रा कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने चाय के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारित करने अथवा चाय नीलामी प्रणाली में कोई न्यूनतम मूल्य तय करने के संबंध में कोई कदम उठाए हैं; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क): वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान असम राज्य सहित भारत में राज्य-वार चाय उत्पादन का विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ख): पिछले तीन वर्षों के दौरान भारत द्वारा केन्या, नेपाल और वियतनाम से आयात की गई चाय की मात्रा का विवरण अनुलग्नक-II में दिया गया है।

(ग) और (घ): भारत सरकार वर्तमान में कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिशों के आधार पर, संबंधित राज्य सरकारों और केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के विचारों को ध्यान में रखते हुए, 22 अधिदेशित कृषि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारित करती है। वर्तमान में चाय एमएसपी के लिए अधिदेशित फसलों में शामिल नहीं है। हालांकि, चाय उत्पादकों, विशेषकर छोटे उत्पादकों को उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए, चाय बोर्ड ने मूल्य साझाकरण फार्मूला (पीएसएफ) लागू किया है, जिसके तहत हरी पत्ती और तैयार चाय की उत्पादन लागत के आधार पर उत्पादक और विनिर्माता के बीच बिक्री से प्राप्त आय का उचित बंटवारा एक निश्चित अनुपात में किया जाता है। इसके अलावा, पीएसएफ के उचित कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए, हरी पत्तियों की कीमतें औसत नीलामी मूल्य के आधार पर तय की जाती हैं और प्रत्येक चाय उत्पादित जिले के लिए अधिसूचित की जाती हैं, और

उत्पादकों को हरी पत्तियों की कीमत के भुगतान की निगरानी जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता वाली जिला हरी पत्ती मूल्य निगरानी समितियों द्वारा की जाती है।

****

अनुलग्नक-I

दिनांक 03.02.2026 को उत्तर के लिए नियत लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 671 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

राज्य	चाय उत्पादन (मिलियन किलोग्राम)	
	2023-24	2024-25
अरुणाचल प्रदेश	14.12	14.35
असम	675.88	666.82
बिहार	8.57	8.08
हिमाचल प्रदेश	1.14	0.99
मेघालय	0.32	0.33
नागालैंड	2.92	3.77
सिक्किम	0.07	0.07
त्रिपुरा	7.43	7.44
उत्तराखंड	0.11	0.96
पश्चिम बंगाल	426.59	387.51
तमिलनाडु	174.28	163.66
कर्नाटक	5.51	4.5
केरल	65.09	57.29
अखिल भारत	**1382.03**	**1315.77**

स्रोत: चाय बोर्ड

अनुलग्नक-II

दिनांक 03.02.2026 को उत्तर के लिए नियत लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 671 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

वर्ष	आयात की गई चाय की मात्रा (मिलियन किलोग्राम)		
	केन्या	नेपाल	वियतनाम
2022-23	5.13	16.53	3.14
2023-24	5.77	12.93	1.85
2024-25	19.03	16.11	3.38
2024-25 (अप्रैल-नवंबर)	12.79	12.80	2.05
2025-26 (अप्रैल-नवंबर)	8.93	8.05	2.53

स्रोत: डीजीसीआईएस